# केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड

**(मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत संगठन)**

**शिक्षा केंद्र, 2, सामुदायिक केंद्र,**

**प्रीत विहार, दिल्ली-110092**

**निम्नलिखित पद के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:-**

| क्रम संख्या | पद का नाम | वेतनमान/ आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि पर अधिकतम आयु सीमा | नियुक्ति का माध्यम | कुल रिक्तियां | तैनाती का स्थान |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सहायक सचिव (सू. प्रौ.) | पीबी-3-रु. 15600-39100+ग्रेड वेतन रु.6600/-<br>अधिकतम आयु सीमा- 56 वर्ष | प्रतिनियुक्ति | 03 | बोर्ड का कोई भी क्षेत्रीय कार्यालय |

**नोट:**

- **रोजगार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशित होने की तिथि से 30 दिन के भीतर अर्थात 30.01.2017 तक ऑनलाइन आवेदन उपलोड किए जा सकते हैं।**
- प्रतिनियुक्ति पर आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों द्वारा शुल्क का भुगतान करना अपेक्षित नहीं है।
- अधिक विवरण के लिए **www.cbse.nic.in** पर जाएं।

**संयुक्त सचिव (प्रशा. व विधि)**

## **सामान्य शर्तें**

1. **आवेदकों के लिए विशेष अनुदेश -:** ऑनलाइन आवेदन फार्म के प्रिंट आऊट के साथ निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न किए जाएं

- अग्रिम प्रति किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी।
- शैक्षिक अहर्ताओं/ अनुभवों की साक्ष्यांकित प्रतियाँ
- अ.जा.,अ.ज.जा.,अ.पि.व.. के उम्मीदवारों के संबंध मे जाति प्रमाण पत्र
- प्रत्येक दावाकृत अनुभव के संबंध में अनुभव प्रमाण प्रत्र
- संबंधित विभागाध्यक्ष का अग्रेषण पत्र, पिछले 05 वर्षों की एसीआर, सतर्कता अनापत्ति, सत्यनिष्ठा प्रमाण पत्र, इस आशय का अनापत्ति प्रमाण पत्र कि चयन होने पर कर्मचारी के कार्यमुक्त कर दिया जाएगा के साथ पिछले 10 वर्षों के दौरान मुख्य लगाए गए लघु दंडों की सूची।
- अपूर्ण अथवा किसी भी प्रकार की कमी पाए जाने पर आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।
- प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरे जाने वाले पदों के लिए शुल्क अपेक्षित नही है।
- एक बार जमा किया हुआ आवेदन किसी भी स्थिति में वापस नहीं लिया जाएगा।

बिना उचित माध्यम के प्राप्त तथा/ अथवा आवेदन फार्म में उल्लिखित दस्तावेजों से रहित आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा और इन्हें निरस्त कर दिया जाएगा। इस संबंध में कोई भी पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा।

2. बोर्ड के पास आवेदनों की छंटाई हेतु मानदंड निश्चित करने का अधिकार सुरक्षित है ताकि साक्षात्कार के लिए अभ्यर्थियों की संख्या कम की जा सके।
3. प्रत्येक पद के लिए एक अलग आवेदन जमा कराना होगा। अपूर्ण आवेदन निरस्त कर दिए जाएंगे।
4. अंतिम तिथि के उपरांत प्राप्त आवेदन स्वीकार नही किए जाएंगे। डाक से हुई किसी भी देरी के लिए बोर्ड उत्तरदायी नही होगा।
5. **आवेदन कैसे करें:** किसी पद हेतु आवेदन करने से पूर्व उम्मीदवार के पास अपनी अद्यतन पासपोर्ट आकार की 02 फोटोग्राफ होनी चाहिए। कृपया ध्यान दें कि केवल "**ऑन लाइन**" आवेदन-पत्र ही स्वीकार किए जाएंगे। आवेदन करते समय, ई-मेल आईडी (कम से कम

12 माह तक वैध) व एक वैकल्पिक ई-मेल आईडी अनिवार्य स्थान हैं जिसके बिना आवेदन पंजीकृत नहीं होगा।

चरण:1 http://www.cbse.nic.in पर लॉगिन करें।

चरण 2: विज्ञापन को ध्यानपूर्वक पढ़ें तथा यह सुनिश्चित करें की आप योग्यता मानदंड पूरा करते हैं।

चरण :3 ''**अप्लाई ऑनलाइन**'' बॉक्स पर क्लिक करें, ऑनलाइन आवेदन-पत्र स्क्रीन पर दिखाई देगा।

चरण :4 ऑनलाइन आवेदन-पत्र में अपने विवरण भरें। उम्मीद्वारों को परामर्श दिया जाता है कि वे वास्तविक ऑनलाइन डाटा प्रविष्ट करने से पूर्व रिक्त ऑनलाइन फार्म का प्रिंट निकालकर पहले उसे भर लें।

चरण:5 "**सब्मिट**" बटन पर क्लिक करें, एक विशिष्ट कंट्रोल नं. स्क्रीन पर दिखेगा। इसे नोट कर लें।

चरण:6 'प्रिंट अप्लीकेशन' विकल्प पर जाएं तथा भरे जाने से पूर्व का आवेदन पत्र जनरेट करने के लिए अपनी पंजीकरण संख्या तथा जन्म तिथि प्रविष्ट करें। सिस्टम जनित ऑनलाइन आवेदन का ए4 आकार में प्रिंट लें। आवेदन फार्म की दाईं तरफ ऊपर की ओर (प्रदान किए गए) उचित स्थान पर एक हाल ही का पासपोर्ट आकार का फोटो मजबूती से चिपकाएं व हस्ताक्षर तथा आवेदन फार्म के तल पर दिए गए स्थान पर पुन: हस्ताक्षर करें।

चरण:7 उपर्युक्त क्रमांक 1 में उल्लिखित दस्तावेज़ अवश्य संलग्न करें।

चरण: 8 उपर्युक्त दस्तावेज एक लिफाफे में रखें। इस लिफाफे पर **"सहायक सचिव (सू.प्रौ.) " पद हेतु आवेदन** लिखा होना चाहिए। आवेदन अन्य दस्तावेजों सहित, जैसा ऊपर लिखा है, निम्न पते पर भेजे जाएं :-

**संयुक्त सचिव (प्रशा व विधि)**
**केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड**
**शिक्षा केंद्र,2 , सामुदायिक केंद्र**
**प्रीत विहार, दिल्ली 110092 -**

सभी आवश्यक दस्तावेज़ों सहित आवेदन की हार्ड प्रति केमाशिबो में **06.02.2017** तक पहुँच जानी चाहिए।

**<u>नोट :</u>**

1. इस विज्ञापन में दिए गए सभी मानदंडों को पूरा नहीं करने वाले आवेदनों/अपूर्ण आवेदनों को रद्द कर दिया जाएगा।
2. उपर्युक्त पद के लिए अधिकतम आयु आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि को 56 वर्ष होगी।
3. आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि को उम्मीदवार सभी शैक्षिक योग्यताएँ तथा अनुभव पूरा करते हों।
4. उम्मीदवारों को आवेदन पंजीकृत करते समय तथा प्रमाण-पत्र/सत्यापित प्रतियां प्रस्तुत करते समय ऐसे विवरण नहीं देने चाहिए जो झूठे, काल्पनिक और जाली हों अथवा किसी सूचना को छिपाना नहीं चाहिए।
5. उम्मीदवार की पात्रता, अवस्था जिस पर पात्रता की छानबीन की जानी है, साक्षात्कार, चयन के उद्देश्य से प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेजों और भर्ती से संबंधित अन्य किसी भी मामले में बोर्ड का निर्णय अंतिम होगा और उम्मीदवार को मान्य होगा। इसके अलावा अपने विवेक पर भर्ती प्रक्रिया के दौरान किसी भी स्तर पर, भर्ती को आंशिक रूप से/पूरी तरह से स्थगित/रद्द करने का अधिकार बोर्ड के पास सुरक्षित है जो अंतिम और उम्मीदवार के लिए बाध्यकारी होगा।
6. बोर्ड द्वारा किसी भी पत्राचार अथवा व्यक्तिगत पूछताछ पर विचार नहीं किया जाएगा।
7. चुने गए उम्मीदवारों को साक्षात्कार के दौरान दस्तावेज सत्यापन के समय आयु, योग्यता, अनुभव, जाति आदि से संबंधित सभी दस्तावेज प्रस्तुत करने आवश्यक हैं। इन दस्तावेजों की साक्षात्कार के समय जांच की जाएगी। दस्तावेजों के सत्यापन के दौरान यदि कोई उम्मीदवार अयोग्य पाया जाता है तो उसे साक्षात्कार मे नहीं बैठने दिया जाएगा।
8. किसी भी रूप में पक्ष-प्रचार को अयोग्यता माना जाएगा।
9. अंग्रेजी के अतिरिक्त रूपांतरणों की व्याख्या में, किसी विवाद की स्थिति में, अंग्रेजी रूपांतर ही मान्य होगा।
10. उम्मीद्वारों को उनके हित में सलाह दी जाती है कि वे ऑन-लाइन पंजीकरण करें और पदों के सामने उल्लिखित अंतिम तिथियों से पूर्व समय पर अपने आवेदन प्रस्तुत करें ताकि इंटरनेट पर अत्यधिक भार/वेबसाइट जैम के कारण बोर्ड की वेबसाइट पर लॉग करने में असफल रहने/अनुपलब्धता/संपर्क न होने की परेशानियों से बचा जा सके। उपर्युक्त कारणों से अथवा बोर्ड के नियंत्रण से बाहर अन्य कारणों से, अंतिम तिथि तक अपने आवेदन प्रस्तुत करने में असमर्थ रहने वाले उम्मीदवारों के लिए बोर्ड कोई दायित्व नही लेता है।

11. बोर्ड प्रक्रिया के किसी भी चरण में किसी शर्त/ निर्देश को संशोधित/परिवर्तित/ समाप्त अथवा रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
12. बोर्ड के पास बिना पूर्व सूचना दिए या इसका कारण बताए बिना किसी भी पद के लिए भर्ती प्रक्रिया पूर्ण रूप से या किसी भी चरण में रद्द करने का अधिकार भी सुरक्षित है।

**ऑनलाइन पंजीकरण में कोई कठिनाई होने पर हमें antriksh.cbse@nic.in तथा kamalcbse@gmail.com पर सूचित करें।**

**<u>सहायक सचिव (सू.प्रौ.) के पद के लिए भर्ती नियम</u>**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | वेतनमान | वेतन बैंड 3 रु 15600-39100 + ग्रेड वेतन रु 6600/- |
| 2. | भर्ती के नियम | प्रतिनियुक्ति पर |
| 3. | योग्यता शर्ते | **<u>अनिवार्य:</u>**<br>(i) 55% अंकों सहित बी. ई./ बी.टेक.(सू.प्रौ.), एम. एस. सी. (सू. प्रौ.), एम.सी.ए. (बी.एस.सी. कंप्यूटर साइंस/सू.प्रौ. के पश्चात) /बी.सी.ए.<br>(ii) वेतनमान वेतन बैंड 3-रू. 15600-39100 + ग्रेड वेतन रू. 5400/- में फॉक्स प्रो, विजुअल बेसिक, एसक्यूएल सर्वर, ऑनलाइन एप्लीकेशन, डॉट नेट आधारित एप्लीकेशन में 05 वर्षों का अनुभव।<br>अथवा<br>वेतन बैंड 2- रु 9300-34800 + ग्रेड वेतन रु. 4800 में 10 वर्षों का अनुभव<br><br>**<u>वांछनीय</u>-:**<br>सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र, संगठन के लिए आई टी एप्लीकेशन के स्थापन, ऑफिस ऑटोमेशन के ज्ञान, सॉफ्टवेयर इंजीनीयरिंग, वेब डिजाइनिंग इत्यादि में अनुभव |
| 4. | आयु सीमा | आवेदन की अंतिम तिथि को आयु 56 वर्षों से अधिक नहीं हो। |

***************